हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री



15 सुशासन तिहार में उमड़े लोग ग्रामीण अधिक से अधिक ...


15 कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, सड़क...



## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

**इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### घायल महिला की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** सिकसोड़ थाना में बिना नंबरी मर्ग डायरी पेश होने पर असल नंबरी मर्ग कायम किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कोयलीबेड़ा थानांतर्गत ग्राम गण्डाबेड़ा निवासी 96 वर्षीय सताय बाई मंडावी पति स्व. श्रीराम मंडावी सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी 26 अक्टूबर को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सोलर ड्यूल पंप की तत्काल मरम्मत की

**कांकेर।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत डोडकाएनहूर में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत क्रेडा द्वारा सोलर ड्यूल पंप स्थापित किया गया है, उक्त संयंत्र के खराब होने की जानकारी मिलने पर क्रेडा विभाग के मैकेनिक द्वारा तत्काल संयंत्र को सुधार कर सुचारू रूप से क्रियाशील कर दिया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए क्रेडा विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि वर्तमान में यह संयंत्र क्रियाशील अवस्था में है तथा ग्रामवासियों को पेयजल प्राप्त हो रहा है।

**1 जून को मतदान और 04 जून को मतगणना होगी**

# नगरीय निकाय व पंचायत उपचुनाव के लिए कांकेर जिले में बजी डुगडुगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- दो नगरीय निकाय के पार्षद और सरपंच व पंच के उपचुनाव होंगे

जिले में नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 की घोषणा की जा चुकी है। जिला कांकेर में 01 जून को मतदान और 04 जून को मतगणना होना निश्चित किया गया है। जिले के जिस इलाके में चुनाव होना है, उस इलाके में कई तरह के प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किए गए है। चुनावी वाले इलाकों में चुनावी समीकरण बिछना शुरू हो गया और चुनावी डुगडुगी बजने से चुनाव इलाके में सक्रियता दिखने लगी है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा नगर पंचायतों के संबंधित वार्डों एवं ग्राम पंचायतों के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को बिना किसी डर, भय तथा दबाव के निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्रदान करने तथा चुनाव संबंधी आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित चुनाव




अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है। कांकेर जिले के पांच नगरीय निकायों पर नजर डाली जाए तो जिले के नगर पंचायत चारामा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 और नगर पंचायत पखांजूर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 09 में पार्षद का चुनाव होना है। इसके अलावा 6 तहसील के कई गांव में चुनाव होना है, उन क्षेत्रों के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत 08 मई से 04 जून 2026 तक कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वे अनुज्ञप्तिधारी हो, किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र एवं धारदार हथियार लेकर नहीं चलेगा। रैली, सभाओं और जूलूस आदि करने के पूर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र में स्थान एवं जूलूस के मार्ग आदि का स्पष्ट उल्लेख किया जाना आवश्यक है। सभा, रैली, जूलूस आदि में लाऊडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग किए जाने के पूर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा।

**पाँच तहसील में होंगे चुनाव :** तहसील कांकेर के ग्राम पंचायत कन्हारपुरी, तालाकुर्रा, तहसील चारामा के ग्राम पंचायत दरगहन, मुड़खुसरा, बासनवाही, पंडरीपानी, किशनपुरी, गितपहर, लखनपुरी एवं कहाड़गोंदी और तहसील नरहरपुर के ग्राम पंचायत डोमपदर, सारवण्डी, अमोड़ा, दुधावा, बुदेली, तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत डोंगरगांव, घोठा, चिल्हाटी, केंवटी, भीरागांव, सोनेकन्हार, दाबकट्टा, तहसील दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत करकापाल, कोड़ेकुर्से, मंगहूर में चुनाव होना है और इस इलाके में आचार संहिता लागू हो गई है।

### कोयलीबेड़ा तहसील में होने वाले चुनाव

तहसील कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत आलोर, प्रेमनगर, मंडागांव, मदले, द्वारिकापुरी, यशवंतनगर, बापूनगर, कोयगांव, विवेकानंदनगर, देवपुर, कल्याणपुर, रविन्द्रनगर, हांकेर, मायापुर, बैकुण्डपुर, रामकृष्णपुर, हरिहरपुर, चांदीपुर, चाणक्यपुरी, पित्तेभोड़िया, छोटेकापसी, कृष्णनगर, सत्यनगर, ऐसेबेड़ा, बलरामपुर, गुड़ोबेड़ा, केसेकोड़ी, भिंगीडार, चंदनपुर, श्यामनगर, माटोली, लखनपुर, दुर्गापुर, पेनकोड़ो, इन्द्रप्रस्थ, पुरूषोत्तम नगर, उदयपुर, जयश्रीनगर, वनश्रीनगर, श्रीपुर, माचपल्ली, मरोड़ा, लक्ष्मीपुर, जनकपुर, विजयनगर, शंकरनगर, पाड़ेंगा, बांदे कॉलोनी, नागलदण्ड, हनुमानपुर, विष्णुपुर, कुरेगांव, विकासपल्ली, उलिया, ताड़बायली, कंदाड़ी, सितरम, पानीडोबीर, राधानगर, गोविन्दपुर, जानकीनगर, स्वरूपनगर, ओरछागांव एवं उदनपुर में चुनाव होना है।

# एक लाख की चोरी के जेवरात बरामद 4 आरोपी गिरफ्तार, सरगने की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- चोरी के जेवरात खरीदने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई की

महादेव वार्ड में हुई सोने के आभूषणों की चोरी के मामले में पुलिस को एक सप्ताह में बड़ी सफलता हाथ लगी। चोरी के जेवर खरीदकर खपाने वाले चार आरोपियों से पुलिस ने जेवरात रिकवर करते हुए कार्रवाई किया है। पुलिस की माने तो इस मामले का मुख्य आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश के लिए विभिन्न टीम लगी हुई है।

महादेव वार्ड में हुई मार्च माह 2026 में हुई आभूषण की चोरी की घटना के बाद से पुलिस लगातार मामले की तह तक पहुंचने में जुटी हुई थी। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 68 वर्षीय दिलीप वलेचा को हिरासत में लिया था, जिसके कब्जे से करीब 4 हजार रुपए मूल्य की सोने की झुमकी बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए शीतलापारा निवासी योगेश सोनी



उर्फ बाबू सोनी, एमजी वार्ड निवासी खिलेन्द्र देवांगन तथा नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हल्बा निवासी राहुल संचेती को भी धरदबोचा। पूछताछ और जांच के दौरान उक्त तीनों आरोपियों के पास से करीब 96 हजार रुपए मूल्य की दो सोने की अंगूठियां बरामद की गई हैं। पुलिस के मुताबिक चोरी के आभूषण खरीदने वाले आरोपी चोरी के आभूषणों को खरीदकर उन्हें खपाने की फिराक में थे। मामले में पुलिस ने चोरी का मशरुका बरामद कर लिया है, जिससे पीड़ित परिवार को राहत मिली है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो पूरे गिरोह का मुख्य सूत्रधार दानिश अडवानी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस टीम उसकी तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




## खबर संक्षेप



### ग्रंथ विमोचन कार्यक्रम में 51 साहित्यकार सम्मानित

**कांकेर।** सर्जना महिला साहित्य समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महादेवी वर्मा के भतीजे आचार्य संजीव वर्मा, हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में रचनाकार डॉ. गीता शर्मा का संग्रह नमामि सिंहवाहिनी अपार कष्ट हारिणी, लेखिका डॉ. मीरा आर्ची चौहान का काव्य संग्रह यादों के झरोखे से, रचनाकार डॉ. राखी कोर्राम की कुछ बातें कुछ यादें और सृजन से शिखर तक अंक-3 कृतियों का विमोचन किया गया। सर्जना शिखर सम्मान 2026 से 51 साहित्यकार एवं विशिष्ट विभूतियाँ सम्मानित हुए।

### चार दिन बाद एक दिनी रोजगार मेला

**कांकेर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोड़ेजुंगा कांकेर में आज से चार दिन बाद 15 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक 'एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 1598 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने बताया कि रोजगार मेला में उपस्थित होकर या ई-रोजगार के पोर्टल पर भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से दूरभाष के माध्यम से आवेदक को दी जाएगी।

### निराकरण पश्चात पात्र अपात्र की सूची जारी

**कांकेर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजना एवं चाईल्ड हेल्प लाइन के तहत जिला स्तर पर विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी पश्चात प्रथम पात्र-अपात्र सूची जारी की गई थी, जिनके दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात अंतिम पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कौशल परीक्षा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची का अवलोकन जिले की वेबसाइट तथा कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग कांकेर के सूचना पटल पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कौशल परीक्षा तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों को पृथक से पत्र जारी किया जाएगा।

### अतिवृष्टिः नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** आगामी दक्षिण पश्चिम मानसून 2026 को देखते हुए बाढ़ अतिवृष्टि आदि से बचाव के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला स्तर पर संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे को नोडल अधिकारी एवं अधीक्षक भू-अभिलेख आरसी मंडावी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### उप-निर्वाचन की घोषणा के साथ संपत्ति विरूपण पर लगा प्रतिबंध

**जगदलपुर।** नगर के इंदिरा गांधीवार्ड वार्ड क्रमांक 16 के लिए उप-निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। अधिसूचना के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है, जिसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा ने सार्वजनिक और निजी संपत्तियों की सुरक्षा हेतु सख्त दंडात्मक आदेश जारी किए हैं। आज 11 मई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनावी प्रक्रिया के दौरान संपत्तियों को विरूपित होने से बचाने के लिए छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक विशेष कार्ययोजना लागू की गई है। कलेक्टर के आदेशानुसार किसी भी शासकीय अशासकीय भवन, बिजली के खंभों, टेलीफोन के टावरों या अन्य सार्वजनिकढांचों पर बिना अनुमति के नारे लिखना, पोस्टर चिपकाना या झंडे लगाना अब दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में नई पीढ़ी को धर्म व अध्यात्म से जोड़ने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पर्व में गूंजा सनातन संस्कृति का संदेश, सोमनाथ सनातन चेतना का अमर प्रतीक

अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने शिवलिंग का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की

गुजरात के पवित्र सोमनाथ मंदिर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्वः अटूट आस्था के 1000 वर्ष समारोह ने देशभर में सनातन संस्कृति, श्रद्धा और एकता का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर देशवासियों को वर्चुअल संबोधन दिया, जिसका सीधा प्रसारण कांकेर शहर के मेलाभाठा मैदान स्थित प्राचीन शिवालय एवं कंकालिन मंदिर परिसर में किया गया। धार्मिक वातावरण, शिवभक्ति और सनातन संस्कृति की गूंज के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नगरवासियों की बड़ी सहभागिता देखने को मिली।



सोमनाथ संवाद नामक परिचर्चा के दौरान मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग ने कहा कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में भगवान सोमनाथ स्वयं विराजमान हैं, जो सनातन आस्था और अध्यात्म का जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने अनेक बार इस मंदिर को ध्वस्त करने का प्रयास किया, लेकिन आस्था की शक्ति के आगे हर प्रयास विफल साबित हुआ। आज भी सोमनाथ मंदिर अडिग और अचल खड़ा होकर भारत की सांस्कृतिक चेतना और सनातन परंपरा का गौरवगान कर रहा है। सांसद ने जिलेवासियों से धर्म, संस्कृति और अपनी सनातनी विरासतों को सहेजने तथा समाज में एकता बनाए रखने का आह्वान किया।

### अधिकारियों ने भी किया पूजा पाठ

आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरूण वर्मा, डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर सहित उपस्थित अधिकारियों ने कंकालिन माता मंदिर परिसर में शिवलिंग की पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना किया।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, हीरा मरकाम, अनिरुद्ध साहू, पार्षद मीरा सलाम, विजय लक्ष्मी कौशिक, एवं समस्त पार्षदगण सहित श्रद्धालु और नगरवासी उपस्थित रहे।

## दिवस : तकनीकी जानकारी और डिजिटल बदलाव की जानाकारी दी

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आईटीआई चारामा में तकनीकी चेतना का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा




औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था चारामा में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेरा युवा भारत कांकेर एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विज्ञान, तकनीक और नवाचार के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तकनीकी जागरूकता और डिजिटल बदलावों को लेकर अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेरा युवा भारत कांकेर के प्रतिनिधि गोविंद सिन्हा ने भारत की ऐतिहासिक तकनीकी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का युवा ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में युवाओं की सहभागिता भारत को विश्व मंच पर नई पहचान दिला सकती है। संस्था की प्राचार्य विजिया मंडावी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान दौर तकनीक और नवाचार का युग है। ऐसे में युवाओं को नई तकनीकों को सीखकर उनका उपयोग राष्ट्र निर्माण और समाज के हित में करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो की उपलब्धियों, डिजिटल इंडिया अभियान तथा अंतरिक्ष विज्ञान में हो रही आधुनिक प्रगति पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। छात्रों ने भी डिजिटल क्रांति, तकनीकी विकास और आधुनिक भारत की दिशा में अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने तकनीकी विषयों पर उत्कृष्ट लेखन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में आकांक्षा यादव कोपा ट्रेड ने प्रथम, तिमांशु देहारी मैकेनिक डीजल ने द्वितीय तथा गीतेश कुमार विद्युतकार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में विनोद कुमार ध्रुव, प्रशिक्षण अधिकारी एसआर घृतलहरे, विनोद साहू, रोशन साहू, शैलेश यादव, महेंद्र वर्मा सहित कार्यालयीन स्टाफ के संतोष ठाकुर, अरविंद राणा, दिलीप साहू तथा प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर चाकू-कटारी से हमला 3 दहशतगर्दों को भेजा गया जेल

- आरोपी ने की गाली-गलौज और घर पर पथराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



आपसी विवाद के बाद धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने वाले तीन सगे भाईयों को कांकेर पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया है। यह पूरी घटना एमजी वार्ड की है, जहां मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और आरोपियों ने प्रार्थी के घर में घुसकर उस पर चाकू और कतारी से ताबड़तोड़ वार कर दिए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर जेल भेजा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार घटना 8 मई की रात करीब साढ़े 10 बजे हुई। श्रवण साहू की मां ने प्रार्थी को जानकारी दिया कि पड़ोस में रहने वाला आरोपी मोहित ढीमर उसकी बहन ज्योति साहू को गालियां दे रहा है और उनके घर पर पत्थरबाजी कर रहा है।

जब श्रवण साहू इस अभद्र व्यवहार का विरोध करने आरोपी के घर के सामने पहुंचा, तो विवाद बढ़ गया। आरोपी मोहित ढीमर के साथ उसके दो भाई नेतराम ढीमर और महेश ढीमर भी वहां पहुंच गए। तीनों ने मिलकर श्रवण को जबरन खींचकर घर के आंगन में ले लिया और हाथ-मुक्कों से उसकी बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। मारपीट के दौरान ही आवेश में आकर मोहित ढीमर अपने घर के भीतर से चाकू लेकर आया और श्रवण के पेट, कमर और पसली पर प्राणघातक वार कर दिए। हमले की उग्रता इतनी अधिक थी कि आरोपी ने प्रार्थी के दाहिने हाथ की बांह को दांतों से काट लिया। इस खूनी संघर्ष के बीच जब परमेश्वर साहू नामक व्यक्ति बचाव करने पहुंचा, तो आरोपियों ने उसे भी चोटिल कर दिया। घटना के बाद घायल अवस्था में प्रार्थी ने थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और तीनों आरोपियों मोहित ढीमर, नेतराम ढीमर और महेश ढीमर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहित के कब्जे से हमले में प्रयुक्त चाकू और मछली काटने वाली कटारी को विधिवत जप्त किया है।

### न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया

आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 296, 115(2), 118(1), 127(2) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रतिक दाढासाहेब बनसोडे, उप निरीक्षक मनोरथ जोशी, आरक्षक शैलेन्द्र चतुर्वेदी, रोशन राठौर, ईश्वर साहू एवं पेट्रोलिंग पार्टी की भूमिका रही।

# सरहदी ग्राम कंदाड़ी में सुशासन पहुंचा, सजी ग्रामीणों की चौपाल

- महतारी वंदन योजना बनी महिलाओं का सहारा

**कांकेर।** जिले के कोयलीबेड़ा विकासखंड के सुदूरवर्ती सरहदी ग्राम पंचायत कंदाड़ी, जो कभी माओवाद से प्रभावित था में आयोजित बस्तर मुन्ने कार्यक्रम और सुशासन तिहार ने ग्रामीणों में शासन के प्रति विश्वास को मजबूत किया, वहीं लोकतंत्र के प्रति आस्था भी बढ़ी। जिले के प्रशासनिक अधिकारी कोटरी नदी को पार कर गांव पहुंचे, जहां विगत दिवस आम के पेड़ के नीचे ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर चौपाल लगाई गई और उनकी समस्याएं सुनीं गईं। कभी अतिसंवेदनशील इलाके के रूप में पहचाने जाने वाले इस गांव में आज शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इसी



शिविर में उपस्थित ग्राम की महिला सोनकाय बाई कचलामी ने गोंडी में बताया कि महतारी वंदन योजना उनके जीवन में आर्थिक संबल बनकर आई है। उन्होंने बताया कि उन्हें हर महीने योजना के तहत एक हजार रुपए की सहायता राशि मिलती है, जिसका उपयोग वह तेल, साग-सब्जी तथा घर की अन्य जरूरी सामग्री खरीदने में करती हैं। खेती से होने वाली आय के अतिरिक्त यह राशि उनके परिवार के लिए महत्वपूर्ण सहयोग साबित हो रही है। उनके चार बेटे और एक बेटी हैं।

बेटी की शादी हो चुकी है और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच यह योजना उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि अब छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाएं अब दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों तक पहुंच रही हैं, जिससे ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है।

# कचरा मुक्त बने दूध नदी, फिर लौटेगा स्वच्छ जल और पुरानी पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के मध्य से बहने वाली ऐतिहासिक एवं जीवनदायिनी दूध नदी को बचाने के लिए सामाजिक संगठन जन सहयोग ने कांकेर वासियों से मार्मिक अपील की है। संगठन ने कहा है कि दूध नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि शहरवासियों के लिए मातृस्वरूपा जीवन रेखा है, जिसकी स्वच्छता और अस्तित्व को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। संगठन द्वारा जारी अपील में पुराने दिनों को याद करते हुए बताया गया कि लगभग 40 से 50 वर्ष पहले तक दूध नदी का जल इतना स्वच्छ और मीठा हुआ करता था कि लोग घरों में उपयोग के लिए नदी का पानी ले जाते थे।

गर्मी की रातों में नागरिक नदी किनारे रेत पर बैठकर किस्से-कहानियां सुनते थे और वहीं विश्राम भी करते थे, लेकिन समय के साथ जलवायु परिवर्तन और नागरिकों की लापरवाही के कारण दूध नदी की स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई। आज नदी में स्वच्छ जल के स्थान पर कीचड़ दिखाई देता है और रेत लगभग समाप्त हो चुकी है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चिंता जताई कि यदि समय रहते प्रयास नहीं किए गए तो आने वाले वर्षों में नदी पूरी तरह समाप्त होने की कगार पर पहुंच सकती है। इसी उद्देश्य से जन सहयोग एवं अन्य समाजसेवियों द्वारा वर्षों तक दूध नदी बचाओ महाभियान चलाया गया। अभियान के तहत नदी के उद्गम स्थल से पैदल यात्राएं, साइकिल यात्राएं और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वर्तमान विधायक आशाराम नेताम ने भी विधायक बनने से पहले इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई थी।



संगठन ने विशेष रूप से नदी किनारे रहने वाले नागरिकों और दुकानदारों से अपील की है कि वे अपने घरों और प्रतिष्ठानों का कचरा दूध नदी में न फेंकें। नगर पालिका की कचरा संग्रहण सेवाओं का उपयोग करें और नदी को प्रदूषित होने से बचाने में सहयोग दें। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि प्रतिदिन नदी में डाले जाने वाले कचरे को रोका जाए तो कुछ ही समय में दूध नदी में फिर से स्वच्छ जलधारा दिखाई देने लगेगी।

### आत्मानंद विद्यालय की कक्षा पहली में लॉटरी से हुआ प्रवेश

**जगदलपुर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा पहली में प्रवेश पर लॉटरी निकालकर सीटों का आवंटन किया गया। संस्था परिसर में शासन के नियमानुसार एवं पारदर्शिता से अभिभावकों, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों के समक्ष प्रक्रिया पूर्ण की गई। प्रवेश के लिए 172 आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुए। आवेदनों की जांच में 134 विद्यार्थी पात्र हुए जिसमें 50 विद्यार्थियों का लॉटरी से चयन किया गया। हिन्दी माध्यम में कक्षा पांचवीं, छठवीं एवं सातवीं कक्षा में सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी द्वारा सीटों का आवंटन किया गया। अभिभावक 20 मई तक चयनित विद्यार्थियों का आवश्यक दस्तावेज जमा एवं सत्यापन करा सकेंगे। बीपीएल श्रेणी में चयनित विद्यार्थियों के अभिभावक का सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित आय प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है।

# तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्रों का किया निरीक्षण योजनाओं का लाभ दिलाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



जनपद क्षेत्र लोहत्तर के विभिन्न तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्रों का जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सभापति एवं भाजयुमो अध्यक्ष विकास राजु नायक ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संग्रहण कार्य में लगे कर्मचारियों एवं तेंदूपत्ता संग्राहकों से चर्चा कर खरीदी व्यवस्था, गुणवत्ता, भुगतान प्रक्रिया तथा शासन द्वारा संचालित हितग्राही योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य, बोनस वितरण एवं संग्राहक परिवारों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण वनांचल क्षेत्र के हजारों परिवारों की आजीविका का प्रमुख साधन है, इसलिए संग्रहण कार्य पूरी पारदर्शिता एवं सुचारू व्यवस्था के साथ संपन्न होना चाहिए, ताकि प्रत्येक संग्राहक को उसका उचित पारिश्रमिक समय पर प्राप्त हो सके। विकास राजु नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार तेंदूपत्ता संग्राहकों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी, बोनस वितरण, चरणपादुका वितरण, दुर्घटना बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा सहायता तथा संग्राहक परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा प्रोत्साहन जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का सीधा लाभ वनांचल क्षेत्र के संग्राहक परिवारों को मिल रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होने के साथ जीवन स्तर में भी सुधार आ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि वनांचल क्षेत्र के प्रत्येक परिवार तक विकास की किरण पहुंचे और तेंदूपत्ता संग्राहक आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश की समृद्धि में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर उन्होंने संग्राहकों से अधिक से अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

## 500 हेक्टेयर खेत की होगी सिंचाई

# पलाचूर जलाशय जीर्णोद्धार कार्य की बढ़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

वर्षों से बदहाल पड़े पलाचूर जलाशय के जीर्णोद्धार और मरम्मत कार्य के लिए ग्रामीणों को विष्णुदेव सरकार ने राहत दिया और यह निर्माण कार्य ने अब रफ्तार पकड़ ली है। खेतों तक पानी पहुंचाने की उम्मीद के साथ ग्रामीणों और किसानों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई देगी। लंबे समय से जिस मांग को लेकर क्षेत्रवासी आवाज उठा रहे थे, वह अब धरातल पर उतरती नजर आ रही है।

विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गूकोदल के आश्रित ग्राम पलाचूर में बहुप्रतीक्षित जलाशय जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य तेजी से जारी है। जल संसाधन विभाग द्वारा कराए जा रहे इस कार्य से क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। वर्षों से जलाशय की खराब स्थिति के कारण प्रभावित हो रही सिंचाई व्यवस्था अब सुधरने की राह पर है।



### जलाशय जीर्णोद्धार को मिली मंजूरी

पलाचूर जलाशय मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य का टेंडर 11 माह के लिए स्वीकृत किया गया है। वर्तमान में निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है और विभागीय अधिकारियों की निगरानी में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र की लगभग 500 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। जलाशय के साथ-साथ नहरों की मरम्मत और आवश्यक स्ट्रक्चर निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। इससे जल वितरण व्यवस्था मजबूत होगी और खेतों तक पानी आसानी से पहुंच सकेगा।

### खेती प्रभावित होती थी

किसानों को खरीफ और रबी दोनों फसलों के लिए पर्याप्त पानी मिलने की संभावना बढ़ गई है। दुर्गूकोंदल सरपंच शकुंतला नरेटी ने कहा कि बरसात के बाद भी पानी की कमी से खेती प्रभावित होती थी, जिससे फसल उत्पादन पर असर पड़ता था। अब मरम्मत कार्य शुरू होने से किसानों में नई उम्मीद जगी है। स्थानीय किसानों का मानना है कि जलाशय के पूर्ण रूप से तैयार होने के बाद कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और भू-जल स्तर में भी सुधार देखने को मिलेगा।

# तेंदूपत्ता संग्रहण ने पकड़ी रफ्तार परिक्षेत्र में आंकड़ा पहुँचा लक्ष्य के करीब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



वन मंडल भानुप्रतापपुर अंतर्गत दुर्गुकोंदल वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य ने अब तेज रफ्तार पकड़ ली है। विकासखंड दुर्गूकोंदल की 18 समितियों के विभिन्न संग्रहण केंद्रों में इन दिनों बड़ी मात्रा में तेंदूपत्ता पहुंच रहा है। ग्रामीणों, महिला समूहों और वन समितियों की सक्रिय भागीदारी से क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 के तेंदूपत्ता सीजन के लिए दुर्गूकोंदल वन परिक्षेत्र को कुल 38 हजार 700 मानक बोरा संग्रहण का लक्ष्य मिला है। विभाग को उम्मीद है कि मौसम अनुकूल रहने की स्थिति में यह लक्ष्य समय रहते पूरा कर लिया जाएगा। विभागीय दैनिक प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार 11 मई तक कुल 26 हजार 802 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रह किया जा चुका है, जो लक्ष्य की दिशा में तेजी से बढ़ते कदम को दर्शाता है। दुगुकोंदल क्षेत्र के कोदापाखा, मेड़ो, चिखली, हिम्मतवाही, गुमड़ीडीही, कोण्डे, साधुमिचगांव, दुर्गुकोंदल अ एवं ब, करकापाल, कोडेकुर्से, सुरूंगदोह, गोडपाल, कराकी, कोडरूंज, पेडावारी, लोहत्तर अ एवं ब, दमकसा अ एवं ब तथा हाटकोंदल संग्रहण केंद्रों में सुबह से ही ग्रामीण तेंदूपत्ता लेकर पहुंच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार



**गीदम।** दंतेवाड़ा जिले में अपराधों की रोकथाम एवं असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन, एसडीओपी बारसूर गोविंद दीवान के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी गीदम अमित बेरिया के नेतृत्व में थाना गीदम पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। थाना गीदम पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मुर्गा बाजार के पास बैग में अंग्रेजी शराब एवं बीयर रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई एवं संदेही व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कन्हैया लाल यादव निवासी गीदम बताया। आरोपी के कब्जे से एक काले रंग के बैग में रखी अवैध अंग्रेजी शराब एवं बीयर बरामद की गई। जप्त शराब में ग्रेण्ड कोलम्बिया स्पेशल व्हीस्की 180 एमएल की कुल 35 नग एवं कांगरो 10000 स्ट्रांग बीयर 650 एमएल की कुल 10 नग शामिल है। साथ ही आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 620 रुपये भी जप्त की गई। कुल जप्ती की अनुमानित कीमत लगभग 6200 रुपये आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में राजकुमार सिंह, हुंगाराम कडती, देवचरण मरकाम, देवेन्द्र नेताम एवं हरिराम यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मत्स्य पालन को बढ़ावा देने ग्रामीणों को जोड़ने पर जोर



**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप ने रविवार को नैमेड़ स्थित फिश हैचरी, सेन्ट्रल लाईब्रेरी एवं पुनर्वास केंद्र बीजापुर का औचक निरीक्षण कर विभिन्न गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मत्स्य पालन, शिक्षा, कौशल विकास एवं पुनर्वास गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। नैमेड़ फिश हैचरी निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक मत्स्य पालन विभाग ने मछली बीज उत्पादन तथा पंचायतों, समूहों एवं व्यक्तिगत हितग्राहियों को सस्ती दरों पर गुणवत्तायुक्त मछली बीज उपलब्ध कराने की जानकारी दी। कलेक्टर ने बीजापुर में मत्स्य पालन एवं बाजार की संभावनाओं को अनुकूल बताते हुए अधिक से अधिक किसानों को गुणवत्तायुक्त मछली बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, सड़क, राशन, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर विश्वदीप ने बीजापुर एवं उसूर ब्लॉक के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा कर सड़क, बिजली, पानी, राशन वितरण एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों, कनेक्टिविटी तथा ग्रामीण सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर गंगालूर मार्ग से होते हुए पीड़िया, हिरोली, कावंडगांव, मुतवेंडी, तर्रेम, बासागुड़ा एवं आवापल्ली का दौरा कर वापस बीजापुर पहुंचे।

कलेक्टर ने पामलवाया नर्सरी का अवलोकन किया और वहां उपलब्ध फलदार पौधों की जानकारी ली। उन्होंने नर्सरी को विकसित करने हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिक संख्या में पौध तैयार कर बाउंड्री वॉल युक्त संस्थानों में पौधारोपण के लिए उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने गंगालूर में स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य नागरिक सुविधाओं की जानकारी ली तथा निर्माणाधीन अधोसंरचना कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 12 मई को आयोजित होने वाले सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

## कलेक्टर का सुदूर अंचलों का व्यापक दौरा



### युवती को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित

राशन लेने पहुंची नैनपाल निवासी युवती गुंजन हेमला से चर्चा के दौरान पता चला कि 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद वह आगे की पढ़ाई नहीं कर रही हैं। कलेक्टर ने उन्हें उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित किया तथा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने हेतु एसडीएम को निर्देश दिए। दौरे के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन पीएमजीएसवाई एवं अन्य सड़कों का भी अवलोकन किया और कार्यों में गुणवत्ता एवं गति बनाए रखने के निर्देश दिए।

### एड़समेटा गांव तक पहुंचेगा राशन

ग्राम पंचायत बुरजी में राशन वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने हितग्राहियों से चर्चा की। इस दौरान एड़समेटा के ग्रामीणों ने बताया कि बुरजी से गांव की दूरी 12-13 किलोमीटर होने के कारण राशन लेने में कठिनाई होती है। इस पर कलेक्टर ने उपस्थित एसडीएम को ट्रैक्टर के माध्यम से एड़समेटा गांव में ही राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बुरजी राशन दुकान एवं आसपास निर्माणाधीन कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य सड़क से राशन दुकान तक सीसी सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा।

## सुशासन तिहार में उमड़े लोग

# ग्रामीण अधिक से अधिक लाभ उठाकर जीवन स्तर में सुधार लाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत भोपालपटनम विकासखंड के ग्राम पंचायत भद्रकाली में विशाल जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के ग्राम पंचायत कोत्तूर, चंदूर, भद्रकाली, बामनपुर, अर्जुनल्ली, रुद्रारम, चेरपल्ली एवं संण्ड्रापल्ली के हजारों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही समस्याओं का समाधान भी किया गया।

शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष सरिता कुड़ेम एवं जनपद उपाध्यक्ष नीलम गनपत ने

- कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण मौके पर ही कई आवेदनों का निराकरण

ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है और ऐसे शिविर ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहे हैं।

शिविर में कलेक्टर विश्वदीप, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कलेक्टर विश्वदीप ने शिविर में लगाए गए 24 विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही सुनिश्चित किया जाए।



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिविर में गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं छह माह पूर्ण कर चुके शिशुओं का अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विश्वदीप ने उपस्थित जनसमुदाय को बाल विवाह मुक्त बीजापुर का संकल्प भी दिलाया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग हितग्राहियों को व्हील चेयर, वॉकिंग स्टिक सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। वहीं शिविर में प्रधानमंत्री आवास, मत्स्य विभाग द्वारा जाल एवं आईस बाक्स,श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बी-1 खसरा सहित विभिन्न प्रमाण पत्र एवं योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया।

शिविर में जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी, एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ, तहसीलदार, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित।

### गांव-गांव तक पहुंचा सुशासन तिहार : कलेक्टर

शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर विश्वदीप ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार को गांव-गांव तक पहुंचाया गया है। इससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं और मांगों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन का पूरा अमला शिविर में मौजूद है, इसलिए ग्रामीण अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर में सुधार लाएं।

कलेक्टर ने श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि श्रमिकों को बच्चों के जन्म पर सहायता राशि, विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, बीमा, सिलाई मशीन सहित कई सुविधाएं दी जाती हैं। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को श्रमिक पंजीयन एवं श्रम कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने पीएम किसान योजना, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, महतारी वंदन योजना तथा तेंदूपत्ता संग्राहकों के पारिश्रमिक जैसी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही कहा कि शासन की अधिकांश योजनाओं में डीबीटी के माध्यम से राशि सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है, इसलिए आधार कार्ड एवं बैंक खाता होना अनिवार्य है। कलेक्टर ने बताया कि जिन ग्रामीणों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं, वे बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के तहत घर बैठे दस्तावेज बनवा सकते हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन, एग्रीस्टेक में शत-प्रतिशत पंजीयन तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना के व्यापक क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए।

### बीजापुर अब नक्सल मुक्त, विकास में सबकी भागीदारी जरूरी: एसपी

पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने कहा कि बीजापुर अब नक्सल मुक्त हो चुका है और वर्षों से रुके विकास कार्यों को अब नई गति मिल रही है। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा शासन-प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग लेने की अपील की।

# नक्सल मुक्त बीजापुर में विकास को मिलेगी गति : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में नवपदस्थ कलेक्टर विश्वदीप ने सोमवार को जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर जिले के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। प्रेसवार्ता में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और जिले से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

कलेक्टर विश्वदीप ने कहा कि नक्सल मुक्त बीजापुर में अब

- बीजापुर अब विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेगा

विकास को नई गति देने का समय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, सड़क, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं के गुणवत्तापूर्ण विस्तार को प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बीजापुर चार दशकों तक माओवाद के प्रभाव से जूझता रहा, जिसके कारण विकास कार्य प्रभावित हुए। अब बदलते हालात में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और सामुदायिक सहभागिता के साथ जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य किया जाएगा। नियद नेल्लानार और बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के व्यापक क्रियान्वयन तथा सुशासन तिहार पर विस्तृत चर्चा हुई।

### जिले के विकास में मीडिया की भूमिका अहम

कलेक्टर ने मीडिया को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि शासन की योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मीडिया प्रशासन और जनता के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य करता है तथा जनसमस्याओं को शासन तक पहुंचाने में अहम योगदान देता है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि विकास कार्यों की वास्तविक तस्वीर सामने लाने में पत्रकारों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

### पत्रकारों ने साझा किए अपने अनुभव

प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने पूर्व में जिले में कवरेज के दौरान आए अनुभवों और चुनौतियों को साझा किया। पत्रकारों ने बदलते हालात पर संतोष व्यक्त करते हुए जिले के विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता और सहयोग का आश्वासन दिया।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में गूं शिवभक्ति का स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

भारत की सांस्कृतिक एकता, धार्मिक गौरव और सनातन आस्था के प्रतीक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक स्थित पेरमापारा के प्राचीन शिव मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिवभक्तों एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भगवान शिव की आराधना



की तथा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 में गुजरात के प्रभास पाटन स्थित ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनवी द्वारा किए गए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। यह पर्व भारत की सांस्कृतिक दृढ़ता, आत्मगौरव और पुनर्जागरण का प्रतीक माना जा रहा है। सोमनाथ मंदिर 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रतिष्ठित है, जिसका उल्लेख शिवपुराण, स्कंदपुराण, श्रीमद्भागवत तथा ऋग्वेद जैसे प्राचीन ग्रंथों में मिलता है।

# हाटपदमुर में गर्म पानी में गिरने से मासूम झुलसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नानगुर थाना क्षेत्र के ग्राम हाटपदमुर में खेलते खेलते गर्म पानी में गिरने से सवा साल का मासूम झुलस गया। सूचना मिलते ही नानगुर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को परिजनों के साथ ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के मुताबिक बच्चे के झुलसने की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर नानगुर पुलिस ने बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करया। नानगुर टीआई गणेशराम यादव ने बताया कि ग्राम हातपदमुर नानगुर क्षेत्र में रहने वाले राजमन बघेल का बच्चा छोटू बघेल उम्र एक वर्ष दो माह जो घर आंगन में खेल रहा था। उसी आंगन में मां खाना बना रही थी। आंगन में खेलने



के दौरान छोटू ने गरम पानी को हाथों से खींच लिया। जिससे कि गर्म पानी बच्चे के ऊपर गिर गया। बच्चे की आवाज को सुनकर उसकी मां ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने मदद की गुहार लगाई और ग्रामीणों ने इसकी सूचना नानगुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बिना देर किए नानगुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां बच्चे की हालत को देखकर उसे बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेकाज के चिकित्सकों ने उपचार के बाद उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है जहां उसका उपचार जारी है। त्वरित कार्रवाई में नानगुर पुलिस के अलावा डॉयल 112 टीम के आरक्षक कैलाश ठाकुर व चालक योगेश कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आर्ट-क्राफ्ट, नृत्य और रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों ने जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा समिति भवन बचेली में संचालित समर कैम्प के दौरान मातृ शक्ति दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया।

समिति के महासचिव महेंद्र कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्मी की छुट्टियों में बच्चों की रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाल विकास समिति द्वारा प्रत्येक रविवार बाल विकास कक्षाएं संचालित की जाती हैं। साथ ही 1 अप्रैल से प्रारंभ हुआ समर कैम्प जून माह तक जारी रहेगा। समर कैम्प में बच्चों को प्रशिक्षित करने का दायित्व हर्षिता बीआईओपी किरंदुल में शिक्षिका एवं



शिल्पा मैडम द्वारा निभाया जा रहा है।

शिक्षिका हर्षिता ने बताया कि इस बार शिविर का मुख्य उद्देश्य एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग के माध्यम से बच्चों को सीखने के साथ रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। सुबह और शाम संचालित होने वाले इस शिविर में बच्चों को पेंटिंग, डांस, कहानी लेखन, आर्ट एंड क्राफ्ट सहित व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चों को मोबाइल स्क्रीन से दूर रखते हुए रचनात्मक और सकारात्मक गतिविधियों में व्यस्त रखना बेहद आवश्यक है, जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर ढंग से हो सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी प्रहलाद साहू, वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन एनएमडीसी बचेली अलका मैडम, सहायक प्रबंधक मानव संसाधन परितोष मिश्रा सहित वरिष्ठ मातृ शक्तियां, वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार, बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

बच्चों द्वारा निर्मित आर्ट एवं क्राफ्ट अतिथियों को भेंट स्वरूप प्रदान किए गए तथा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मंच संचालन लोकेश कुमार साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन शिल्पा ने किया। उत्साह और संस्कारों से भरा यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# संजय बाजार में व्यवस्था को लेकर भारतीय किसान संघ का धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

भारतीय किसान संघ ने सोमवार को जिला मुख्यालय के संजय बाजार में बैठक कर धरना प्रदर्शन किया। किसान संघ ने नगर निगम आयुक्त से बाजार स्थल पर महिला किसानों को सब्जी बेचने के लिए साफ-सुथरी जगह, पेयजल, स्वास्थ्य परीक्षण, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, सफाई व पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही मटन-मछली दुकानदारों को बाजार से बाहर व्यवस्थित करने की मांग रखी गई। नगर निगम आयुक्त ने सभी मांगों को स्वीकार करते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष नील कुमार बघेल, कोषाध्यक्ष नन्द किशोर पाण्डेय, महिला प्रमुख जयंती नेताम, पर्यावरण प्रमुख रमेश ठाकुर, विद्युत प्रमुख नरेन्द्र सेठिया, सह मंत्री लखमी बघेल, उपाध्यक्ष सुनीता दास, सहकारिता प्रमुख वासुदेव कश्यप, तहसील




अध्यक्ष श्याम सुंदर बघेल, मंत्री फाल्गुनी पटेल, बकावंड से चुन्नू लाल ठाकुर, महिला प्रमुख दुतिका नाग, बस्तर तहसील से कमल सिंह ठाकुर, तहसील अध्यक्ष जगदलपुर सहित संजय बाजार के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आड़ावाल अस्पताल का ड्रेसर 2 साल से महारानी अस्पताल में अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभाग मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित आड़ावाल का अस्पताल ड्रेसर विहिन है। नगरनार स्टील प्लांट स्थापित होने के बाद इस मार्ग पर रोजाना तेज रफ्तार के चलते दुर्घटनाएं हो रही है। दुर्घटना के बाद आड़ावाल के अस्पताल पहुंचने पर ड्रेसर नहीं होने से मरीज का प्राथमिक उपचार नहीं हो पाता। अस्पताल में कार्यरत महिला नर्स का कहना है कि यह ड्रेसर का काम




है। इसलिए घायल को तत्काल ड्रेसिंग सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। आड़ावाल के उप सरपंच दिनेश जना ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि 2 साल पहले यहां पदस्थ ड्रेसर कमलेश पाणीग्राही को ट्रेनिंग में महारानी अस्पताल भेजा गया था। जो आज तक वापस नहीं लौटे हैं। उन्हें महारानी अस्पताल में अटैच किया गया है। सीएमएचओ डॉ संजय बसाक से कई बार ड्रेसर को वापस भेजने का निवदेन किया गया है। वे हमेशा कहते हैं जल्दी भेज देंगे लेकिन आज तक ड्रेसर नहीं लौटा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित आड़ावाल अस्पताल में रोजाना दुर्घटना के बाद घायल पहुंच रहे हैं। लेकिन त्वरित इलाज नहीं होने से मरीज को लाभ नहीं मिल रहा हैं। महिला नर्स कहते हैं यह काम ड्रेसर का है। ऐसे में यहां एक ड्रेसर का होना अति आवश्यक है। क्योंकि घायल का तत्काल इलाज नहीं होने से विवाद और तनाव की स्थिति बनती है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान में मोतियाबिंद के 21 आपरेशन सफल

## अब तक 4 लाख 29 हजार 279 लोगों की स्क्रीनिंग,आज जनता का सरकार पर बढ़ा विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान के तहत जिले के सुदूर वनांचल और दूरस्थ बसाहटों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच लगातार बढ़ रही है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार सभी संदिग्ध मरीजों को उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर कर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। अब स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव पहुंचकर लोगों की जांच और उपचार सुनिश्चित कर रही है। इस अभियान ने न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं को लोगों तक पहुंचाया है, बल्कि सुदूर अंचल में रहने वाले लोगों के मन में विश्वास की नई किरण भी जगाई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान के कारण अब जिले के सुदूर गांवों के लोगों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करने को मजबूर नहीं हैं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं उनके द्वार तक पहुंच रही है। उन्होंने



बताया कि जिले में अब तक जांच के दौरान 04 लाख 29 हजार 279 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जांच के दौरान मलेरिया, टीबी, कुष्ठ, मुख कैंसर, सिकल सेल एवं मोतियाबिंद जैसी गंभीर बीमारियों की पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, इससे बीमारियों की जटिलताओं को कम करने में मदद मिल रही है। यह भी बताया गया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों की स्क्रीनिंग किया जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज एवं सुपर स्पेशियलिटी संस्थानों तक बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। वहीं मोबाइल मेडिकल यूनिट और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से दूरस्थ इलाकों तक भी उपचार सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। कांकेर जिले के पोखनलाल 60 वर्ष, जोहतरिन 56 वर्ष, देवचंद्र 52 वर्ष सहित कुल 21 मोतियाबिंद मरीजों का जिला चिकित्सालय कांकेर में सफल ऑपरेशन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ठाकुर ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान का लाभ उठाएं और स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में सहयोग करें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
10 सितम्बर, 15 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर 2026
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# शिक्षा भूमि

कांकेर शिक्षा विशेषांक - 2026
सही विद्यालय, उज्ज्वल भविष्य
ज्ञान • संस्कार • सफलता
हर बच्चे की प्रतिभा को मिले सही दिशा

ADMISSION OPEN 2026-27
DDPS
The Right Path For Bright Future
DURGA DEVI PUBLIC SCHOOL
KANKER
C.B.S.E. PATTERN
नर्सरी से 8वीं तक की कक्षाएं संचालित
DISTINCTIVE FEATURES
Qualified Dedicated and Inspiring Faculty.
Personal and Intensive Care On Slow Learners.
Transport Facility.
Games And Yoga.
Co-Curricular Activities.
CCTV Surveillance.
Computer Lab, Smart Classes.
OUR LOCATION
Ekta Nagar, DDPS, Thelkabod Chawk, Jaddu Hotel, NH 30
EASY TO REACH, EASY TO TRUST
संपर्क सूत्र
8319343377, 7898087689
Add. Behind Jaddu Hotel, Ekta Nagar Thelkabod, Road, Kanker

## कांकेर शिक्षा विशेषांक - 2026

## सही विद्यालय, उज्ज्वल भविष्य

बच्चों का भविष्य केवल अच्छे अंकों से नहीं, बल्कि सही शिक्षा और सही वातावरण से बनता है। आज के समय में विद्यालय का चयन करते समय माता-पिता को केवल भवन और सुविधाओं ही नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, संस्कार और बच्चे के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देना चाहिए।

### प्रवेश के समय रखें इन बातों का ध्यान

- ✔ विद्यालय का शैक्षणिक परिणाम एवं अनुभव
- ✔ योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों की उपलब्धता
- ✔ अनुशासन, संस्कार एवं सुरक्षित वातावरण
- ✔ खेल, कला, संगीत एवं अन्य गतिविधियों की सुविधा
- ✔ स्मार्ट क्लास एवं आधुनिक शिक्षण व्यवस्था
- ✔ बच्चों के मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान



प्रवेश प्रारम्भ

### बच्चे की रुचि को समझें

हर बच्चा अलग होता है। किसी की रुचि विज्ञान में होती है, तो कोई खेल, कला या तकनीक में आगे बढ़ना चाहता है। ऐसे विद्यालय का चयन करें जहाँ बच्चे की प्रतिभा को पहचान कर उसे आगे बढ़ाने का अवसर मिले।

### केवल पढ़ाई नहीं, व्यक्तित्व विकास भी जरूरी

आज की शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अंक लाना नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों का विकास करना भी है। ऐसे संस्थान को प्राथमिकता दें जहाँ शिक्षा के साथ संस्कार और व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जाता हो।

### डिजिटल युग में आधुनिक शिक्षा

नई शिक्षा नीति और तकनीकी दौर में बच्चों को स्मार्ट शिक्षा, कंप्यूटर ज्ञान, संवाद कौशल और रचनात्मक सोच से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

प्रवेश से पहले विद्यालय की आधुनिक शिक्षण व्यवस्था की जानकारी अवश्य लें।

ADMISSION OPEN
ISO 9001 : 2015
SWAMI VIVEKANAND HIGHER SECONDARY SCHOOL
Near Jila Panchayat, In front of Maheshwari Colony, Shantinagar, Kanker (C.G.)
Mo.- 99935-42609, 79743-62212
ENGLISH MEDIUM
PLAY GROUP TO CLASS XII
SCIENCE (BIOLOGY, MATHEMATICS) COMMERCE ARTS
FACILITIES :
• Highly qualified and experienced faculty from top coaching institutes.
• New Infrastructure for school campus near Maheshwari Colony Shanti Nagar Kanker
• 25% Reservation for B.P.L. Category Children (R.T.E.)
• Quality Education. • Hostel Facilities. • Yoga and Meditation.
• Limited Seats for all Classes. • Peaceful atmosphere for education.
" Arise awake and stop Not till the goal is reached " - Swami Vivekanand

PARADISE HIGHER SECONDARY SCHOOL KANKER
(C.B.S.E. Affiliation No. 3330487)
TRUTHFUL, COMPLETE & PERFECT EDUCATION
Nursery to Class 12th
Admission OPEN
Limited Seats Available
* GLOBAL EDUCATION * TRAINED TEACHERS * SPOKEN ENGLISH CAMPUS
* MORAL & PEACE EDUCATION * YOUTH EMPOWERMENT PROGRAM * MUSIC & SPORTS
* DIGITAL INTERACTIVE CLASS ROOM * YOGA & MEDITATION * COMPUTER & TRADE EDUCATION
* SCIENCE, MATHS, ENGLISH & KIDS LAB * PERSONALITY DEVELOPMENT & CO-OPERATIVE LEARNING
PARADISE SCHOOL OTT CHANNEL FOR STUDY
Imlipara, Bhandaripara, kanker (C.G.) Contact No. 9425262119, 8871078099

ST. MICHAEL'S HIGHER SECONDARY SCHOOL
FOR GOD AND COUNTRY, CBSE, KANKER
CBSE AFFILIATED AFFI. NO. : 3330219
ADMISSION OPEN
A Complete School for Every Child's Bright Future!
CONVEYANCE FACILITY FROM EVERY CORNER OF THE CITY, KORAR, CHARAMA & DUDHAWA
ACADEMIC EXCELLENCE & LEARNING
FOCUSED STUDY & CONCEPT CLARITY | INDIVIDUAL ATTENTION TO EVERY STUDENT | CONTINUOUS EVALUATION & PROGRESS ANALYSIS | WELL EQUIPPED LIBRARY & READING ROOM | MODERN SCIENCE LABS | COMPUTER EDUCATION & DIGITAL LEARNING
GROWTH, VALUES & LIFE SKILLS
YOGA & MEDITATION | VALUE EDUCATION & LIFE SKILLS | CHARACTER BUILDING & DISCIPLINE | COMMUNICATION & PUBLIC SPEAKING | ENVIRONMENT AWARENESS & SUSTAINABILITY | SOCIAL SERVICE & COMMUNITY OUTREACH
CREATIVITY & CO-CURRICULAR ACTIVITIES
ART & CRAFT | MUSIC & DANCE | THEATRE & DRAMATICS | DEBATE & QUIZ | ROBOTICS & INNOVATION | CLUB ACTIVITIES & COMPETITIONS
SPORTS & PHYSICAL DEVELOPMENT
FOOTBALL | BASKETBALL | VOLLEYBALL | KHO-KHO | BADMINTON | CRICKET | ATHLETICS
TEAM SPIRIT • FITNESS • LEADERSHIP • CONFIDENCE
52 YEARS OF LEGACY
52 Years of Trust, Excellence & Commitment
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
• Safe & Secure Environment
• Hygienic Food & Accommodation
• 24x7 Care & Supervision
• Conducive for Study & Overall Development
BUS FACILITY AVAILABLE
• Wide Network in City & Nearby Areas
• Safe & Comfortable Buses
• Experienced & Verified Drivers
• On-Time Pickup & Drop
Why Choose St. Micnael's School
Individual Attention to Every Student
Continuous Academic Evaluation & Progress Analysis
Special Care for Weak Learners
Dedicated & Experienced Teachers
Strong Focus on Discipline & Values
Well Equipped Labs & Library
Safe, Green & Child-Friendly Campus
Holistic Development of Students
52 Years of Trusted Educational Excellence
Every child matters at St. Michael's.
GOVINDPUR, KANKER, CHHATTISGARH
Email:smskanker@gmail.com
94255 91244